फा.सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग
****

कमरा सं. 227, ए विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 27.07.2021

विषय: कैबिनेट को भेजे जाने के लिए जून, 2021 माह के सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथ जून, 2021 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सारके अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

(राम सजीवन)
संयुक्त निदेशक (एस एंड एम/ईडी)

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर डलवाने के अनुरोध के साथ

फाइल सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

जून, 2021 माह के लिए मासिक सार

जून, 2021 माह के लिए महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैं:

2. विभाग और विभाग के क्षेत्राधिकार में आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और स्वायत्त संगठनों में कोविड-19 से संबंधित सभी सावधानियों का पालन किया जा रहा है। कोविड-19 का टीका लगवाने के इच्छुक कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सुविधा के लिए दिनांक 10.06.2021 को औषध विभाग के परामर्श से कार्य स्थल टीकाकरण पर अभियान का आयोजन किया गया।

3. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के निर्माण के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन क्षेत्र के लिए मई 2021 के उत्पादन के आंकड़ो पर प्रमुख संकेतक तैयार किए गए थे। उत्पादन आंकड़े अप्रैल, 2020 से बढ़ते हुए रुझान दिखा रहे हैं और मार्च, 2021 के महीने में 31,20,932 मीट्रिक टन का उच्चतम उत्पादन प्राप्त किया गया।

4. जून, 2021 के दौरान, एचओसीएल ने 172 मीट्रिक टन एच$_2$ओ$_2$ का उत्पादन किया है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए एच$_2$ओ$_2$ का संचयी क्षमता उपयोग जून 2021 तक 63.2% है। हाइड्रोजन की कमी के कारण एच$_2$ओ$_2$ का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

5. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) ने शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों के तहत जून, 2021 तक 15,990 छात्रों (दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकित 13,494 और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित 2,496 छात्र) को नामांकित/प्रशिक्षित किया।

6. सिपेट ने 30 जून, 2021 तक प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभार्थ के लिए प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलिंग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 18,243 प्रौद्योगिकी सहायता सेवाएं शुरू की हैं।

7. जून 2021 में, सिपेट ने भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष (बारदोली सत्याग्रह) के बारे में जनता में जागरूकता फैलाने के लिए खुली चर्चा का आयोजन किया है।

8. यूएनआईडीओ द्वारा प्रायोजित परियोजना पर आईपीएफटी के इन-हाउस आरएंडडी में प्रायोगिक कार्य "कम खतरनाक रसायनों और वानस्पतिक एंटी माइक्रोबियल-आधारित फॉर्मूलेशन का उपयोग करते हुए हैंड सैनिटाइजर का विकास और उत्पादन" शुरू किया गया है।

9. राजस्थान के विभिन्न जिलों में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित की जा रही है। जून, 2021 के दौरान कुल 500 नमूनों का प्रसंस्करण किया गया और आईपीएफटी में उसका विश्लेषण जारी है। इसके अतिरिक्त, अनाज, सब्जियां, फल, दूध और पानी सहित 62 नमूनों का प्रसंस्करण किया गया और उनका विश्लेषण भी "राष्ट्रीय स्तर पर कीटनाशक अवशेषों की निगरानी" परियोजना के तहत आईपीएफटी में चल रहा है।

10. भोपाल गैस पीड़ितों के लिए कल्याण आयुक्त ने 30 जून, 2021 तक 5,63,124 अवार्डिड मामलों में प्रो-राटा मुआवजे के रूप में 1517.89 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है।

11. कल्याण आयुक्त ने अनुग्रह राशि के 62,624 मामलों का निर्णय किया, जिनमें से 30 जून 2021 तक अवार्डिड और अस्वीकृत किए गए मामले क्रमशः 51,131 और 11,493 हैं। 51,131 दावेदारों को 854.70/- करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है। माह के दौरान 4 मामलों में 6 लाख रुपये का वितरण किया गया है।

12. रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:

I. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 3.45 लाख टन की तुलना में अप्रैल, 2021-22 के दौरान प्रमुख रसायनों के उत्पादन की मात्रा बढ़कर 9.53 लाख टन हो गई, इस प्रकार इसमें 175.9% की वृद्धि दर्ज की गई।

II. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सभी प्रमुख रसायनों का उत्पादन अर्थात एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स और डाई और पिगमेंट के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

III. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 20.76 लाख टन की तुलना में प्रमुख पेट्रोरसायनों के उत्पादन की मात्रा भी अप्रैल, 2021-22 के दौरान बढ़कर 34.81 लाख टन हो गई, इस प्रकार इसमें 67.6% की वृद्धि दर्ज की गई।

IV. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सभी प्रमुख पेट्रोरसायनों, अर्थात् सिंथेटिक फाइबर, फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबर, सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट परफॉर्मेंस प्लास्टिक, ओलेफिन, एरोमैटिक्स और अन्य पेट्रोरसायनों का उत्पादन बढ़ा।

13. प्रमुख रसायनों और पेट्रो-रसायनों का आयात/निर्यात:

(i) अप्रैल, 2021 के महीने में 4,916/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख रसायनों और 4,742/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात किया गया और महीने के दौरान प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात क्रमश: 3,971/- करोड़ रुपये और 10,727/- करोड़ रुपये का था।
(ii) जबकि निर्यात और आयात दोनों पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक रहे हैं, आयात में वृद्धि अधिक रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 0.93 हजार करोड़ रुपये के व्यापार घाटे की तुलना में चालू वर्ष में 5.04 हजार करोड़ रुपये का व्यापार घाटा हुआ है।
(iii) अप्रैल 2020-21 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के निर्यात के आंकड़े क्रमशः 2.3 हजार करोड़ रुपये और 3.6 हजार करोड़ रुपये रहे। अप्रैल 2020-21 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के आयात के आंकड़े क्रमशः 2.73 हजार करोड़ रुपये और 4.1 हजार करोड़ रुपये रहे।

नीचे दिए गए पाई चार्ट कुल व्यापार में प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के विभिन्न समूहों के शेयरों को दर्शाते हैं।

अप्रैल-2021 (2021-22) में प्रमुख रसायनों का निर्यात



अप्रैल-2021 (2021-22) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात



अप्रैल-2021 (2021-22) में प्रमुख रसायनों का आयात



अप्रैल-2021 (2021-22) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात



निम्नलिखित आरेख अप्रैल 2021-22 बनाम अप्रैल 2020-21 के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के उत्पादन का सारांश प्रस्तुत करते है। (तालिका-। और ।। में आंकड़े)





तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन (मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख रसायन समूहों के नाम**	**2020-21 (अप्रैल, 2020 तक)**	**2021-22 (अप्रैल, 2021 तक)**	**2020-21 के मुकाबले 2021-22 में % वृद्धि**
1	एल्कली रसायन	254025	731866	188.11
2	अकार्बनिक रसायन	13365	38818	190.45
3	कार्बनिक रसायन	64308	123111	91.44
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	6204	23826	284.04
5	डाई और पिगमेंट	7316	34908	377.15
	कुल	345218	952529	175.92

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन (मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख पेट्रोरसायन समूहों के नाम**	**2020-21 (अप्रैल, 2020 तक)**	**2021-22 (अप्रैल, 2021 तक)**	**2020-21 के मुकाबले 2021-22 में % वृद्धि**
1	सिंथेटिक फाइबर	26644	327772	1130.19
2	फाइबर इंटरमीडिएट	267564	476000	77.90
3	पॉलिमर	575250	914040	58.89
4	सिंथेटिक रबर	18691	31150	66.66
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	38785	68162	75.74
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	37756	140202	271.34
7	ओलेफिन्स	671923	921724	37.18
8	एरोमेटिक्स	314259	433818	38.04
9	अन्य पेट्रोरसायन	125858	167763	33.30
	कुल	2076730	3480631	67.60

बड़े और मध्यम पैमाने के उद्योगों से प्राप्त एमपीआर के आधार पर।